<u>महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय आशियाना लखनऊ</u>

महाराजा बिजली पासी राजकीय महाविद्यालय लखनऊ में **प्राचार्य प्रो0 सुमन गुप्ता** के कुशल निर्देशन में **दिनांक 08/08/2022** को **आज़ादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम** के अंतर्गत **काकोरी ट्रैन एक्शन डे** के अंतर्गत महविद्यालय में **चित्रकला प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया जिसमे छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता की विषयवस्तु भारतीय स्वतंत्रता के स्वर्णिम ७५ वर्ष के भव्य त्यौहार से सम्बंधित थी ।

कार्यक्रम के आरम्भ में प्राचार्य प्रो0 सुमन गुप्ता ने अपने वक्तव्य में बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने भारत के स्वाधीनता संग्राम के इतिहास के एक अहम् अध्याय 'काकोरी कांड' का नाम बदलकर 'काकोरी ट्रेन एक्शन' कर दिया है। इसका नाम इसलिये बदल दिया गया क्योंकि 'कांड' शब्द भारत के स्वतंत्रता संग्राम के तहत इस घटना के अपमान की भावना को दर्शाता है।

काकोरी ट्रेन एक्शन एक ट्रेन डकैती थी, जो 9 अगस्त, 1925 को लखनऊ के पास काकोरी नामक गाँव में ब्रिटिश राज के खिलाफ भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के क्रांतिकारियों द्वारा की गई थी। स्वतंत्रता सेनानी राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्लाह खान और रोशन सिंह को 19 दिसंबर, 1927 को काकोरी डकैती में शामिल होने के लिये फाँसी पर लटका दिया गया था। सभी ने भारत के महान शहीदों को नमन कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम समन्वयक डॉ सरिता सिंह तथा एवं सदस्यों डॉ गुंजन शाही एवं डॉ सुनीता द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।

परिणाम:

- **प्रथम** : **सृष्टि मिश्रा B.A I**
- **द्वितीय** : **रिया कुमारी B.COM I**
- **तृतीय** : **श्वेता गोस्वामी** M.A II
- **सांत्वना पुरस्कार** : **पूजा रावत B.A. I**

डॉ0 सरिता सिंह

डॉ गुंजन शाही

डॉ सुनीता

प्राचार्य

(1) SHRISHTI MISHRA B.A. II SEM **(2) SHWETA GOSWAMI M.A. II SEM**

(3) SHALU VISHWAKARMA B.A. I **(4) POOJA B.A I**

(5) SHIVANGI SRIVASTAV B.COM 4 SEM **(6) RIYA KUMARI B.COM II SEM**



(7) ASHISH KR GUPTA B.A I YEAR

(8) RUBY VERMA- B.A I YEAR



(9)PRIYA RAWAT B.A I YEAR

(10) GUDIYA B.A. I YEAR